भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3273**

बुधवार, 23 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

**इसरो द्वारा परियोजनाओं का विनियमन**

**3273. श्री के. सुब्बारायण:**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को देश की सुरक्षा और वैज्ञानिक महत्व से संबंधित परियोजनाओं के विनियमन की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपाय किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**

**तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :**

(क), (ख) एवं (ग)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की दृष्टि अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान तथा ग्रहीय अन्वेषण के क्षेत्र में कार्य करते हुए राष्ट्रीय विकास हेतु अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की है। भारत सरकार ने देश में अंतरिक्ष संबंधी कार्यकलापों को विनियमित करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकार केंद्र (इन-स्पेस) की स्थापना की है।

***